# व्याकरण

## मुहावरे

**परिभाषा:**-'मुहावरा' सामान्य अर्थ का बोध न कराकर विशेष अर्थ का बोध कराने वाले पदबंध को मुहावरा कहते हैं। मुहावरे के प्रयोग से भाषा सरस, रोचक एवं प्रभावपूर्ण बन जाती है।

1.अंग-अंग मुस्काना(बहुत खुश होना):-कक्षा में प्रथम आने पर उसका अंग-अंग मुस्काने लगा।
2.अंधाधुंध चलाना(बिना सोचे समझे चलाना):-अंधाधुंध चलाने से राम के साइकिल की चेन टूट गई।
3.अंधे की लकड़ी(एकमात्र सहारा):- श्रवण अपने माता-पिता के लिए अंधे की लकड़ी था।
4.आँसुओं से हाथ भिगोना(किसी को अकारण दुःख देना):-मुखिया ने बच्चों को डाँटते हुए कहा कि हमें किसी के आँसुओं से हाथ नहीं भिगोने चाहिएँ।
5.आसमान सिर पर उठाना(शोर करना):-अध्यापक जब कक्षा में नहीं थे तो बच्चों ने आसमान सिर पर उठा लिया।
6.ईद का चाँद होना(बहुत समय बाद दिखाई देना):-अरे भाई! तुम तो ईद का चाँद हो गए हो, दिखाई ही नहीं देते।
7.कान का कच्चा(बिना विचार किए किसी की बात पर विश्वास करने वाला):-किसी को भी कान का कच्चा नहीं होना चाहिए, सोच समझ कर ही फैसला लेना चाहिए।
8.गुदड़ी का लाल(निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति/छुपा रुस्तम):-लाल बहादुर शास्त्री जी वास्तव में गुदड़ी के लाल थे।
9.चेहरा खिल उठना(बहुत खुश होना):-परीक्षा में प्रथम आने की खबर सुनकर राम का चेहरा खिल उठा।
10.चिर निद्रा में सोना (मृत्यु को प्राप्त होना):-11 जनवरी 1966 को शास्त्री जी चिर निद्रा में सो गए।

11.जिगर का टुकड़ा(बहुत प्यारा):-राम अपने माता-पिता के जिगर का टुकड़ा है।
12.जुट जाना(पूरी तरह लग जाना):-अब बच्चों को पढ़ाई में जुट जाना चाहिए।
13.जाल में फंसी मछली की तरह(मुसीबत में पड़ा आदमी):-छत से गिरने पर राम जाल में फंसी मछली की तरह तड़पने लगा।
14.जीवन लीला समाप्त होना(मर जाना):-लम्बी बीमारी के कारण राम की जीवन लीला समाप्त हो गई।
15.नौ दो ग्यारह होना(जल्दी से भाग जाना):-पुलिस को देखते ही चोर नौ दो ग्यारह हो गया।
16.प्रसन्नता की लहर दौड़ना(बहुत खुश होना):-विजेता टीम के चेहरों पर प्रसन्नता की लहर दौड़ गई।
17.फूले नहीं समाना(बहुत खुश होना):-नानी के पास जाने की खबर सुनकर राम फूले नहीं समा रहा था।
18.मुँह के बल गिरना(जोर से गिरना):-राज को धक्का लगने पर वह मुँह के बल गिर पड़ा।
19.हवा से बातें करना(बहुत तेज़ चलना):-बाबा भारती का घोड़ा हवा से बातें करता हुआ दौड़ रहा था।
20.हाथ पैर मारना(कोशिश करना):-हाथ पैर मारने से ही सफलता मिलती है।

